रजिस्ट्री सं० डी-(डी)-72 REGISTERED No. D-(D)-72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1

PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 17] नई दिल्ली, शुक्रवार, जनवरी 16, 1976/पौष 26, 1897

No. 17] NEW DELHI, FRIDAY, JANUARY 16, 1976/PAUSA 26, 1897

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

MINISTRY OF COMMERCE

PUBLIC NOTICE

IMPORT TRADE CONTROL

New Delhi, the 16th January 1976

SUBJECT.—*Import of D.M.T. for the licensing period April, 1975—March, 1976.*

No. 7-ITC(PN)/76.—Attention is invited to item No. 96-A appearing in List III of Appendix 28 of the Import Trade Control Policy Red Book (Vol. I) for the licensing period April, 1975-March, 1976, in terms of which import of D.M.T. is banned.

2. On a review of the position, it has been decided to allow import of D.M.T. to meet the requirements of actual users through the State Trading Corporation of India Limited, for the licensing period April, 1975—March, 1976. Release orders will be issued to the actual users by the licensing authorities concerned.

3. The item D.M.T. may accordingly be deemed to have been included in List of Appendix 28 and in Section III of the Import Trade Control Policy Red Book (Vol. I) for the licensing period April, 1975-March, 1976, at the appropriate places, namely as additional items at S. No. 45 in List of Appendix 28 and at S. No. 43 in Section III of the Import Trade Control Policy Red Book (Vol. I) for the licensing period April, 1975—March, 1976.

D. D. JOSHI,
Chief Controller of Imports & Exports.

वाणिज्य मंत्रालय

सार्वजनिक सूचना

आयात व्यापार नियंत्रण

नई दिल्ली, 16 जनवरी, 1976

विषय.—लाइसेंस अवधि अप्रैल, 1975–मार्च, 1976 के लिए डी० एम० टी० का आयात

सं० 7-आई०टी०सी० (पी०एन०)/76.—लाइसेंस अवधि अप्रैल, 1975–मार्च, 1976 के लिए आयात व्यापार नियंत्रण नीति रेड बुक (वा० 1) के परिशिष्ट 28 की सूची, 3 में प्रदर्शित मद संख्या : 96–ए की ओर ध्यान दिलाया जाता है जिसके अनुसार, डी० एम० टी० का आयात निषेध है।

2. स्थिति की पुनःरीक्षा करने पर यह निश्चय किया गया है कि वास्तविक उपयोक्ताओं की आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए लाइसेंस अवधि अप्रैल, 1975–मार्च, 1976 के लिए भारत के राज्य व्यापार निगम लि०, के माध्यम से डी० एम० टी० के आयात की अनुमति दी जाए। वास्तविक उपयोक्ताओं को रिहाई आदेश सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा जारी किए जाएंगे।

3. डी० एम० टी० मद तदनुसार, लाइसेंस अवधि अप्रैल, 1975–मार्च, 1976 के लिए आयात व्यापार नियंत्रण नीति रेडबुक (वा० 1) के परिशिष्ट 28 की सूची–1 और खंड–3 में उपयुक्त स्थानों अर्थात् लाइसेंस अवधि अप्रैल, 1975–मार्च, 1976 के लिए आयात व्यापार नियंत्रण नीति रेड बुक (वा० 1) के परिशिष्ट 28 की सूची 1 में क्रम संख्या 45 पर और खंड 3 में क्रम संख्या 43 पर अतिरिक्त मदों के रूप में सम्मिलित की गई समझी जाए।

डी० डी० जोशी,

मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात।

PRINTED BY THE GENERAL MANAGER, GOVERNMENT OF INDIA PRESS, MINTO ROAD, NEW DELHI AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI, 1976